"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक "छत्तीसगढ़/दुर्ग/तक. 114-009/2003/20-01-03."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 42] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 20 अक्टूबर 2006—आश्विन 28, शक 1928

भाग 3 (1)

विविध

न्यायालयों की सूचनाएं

न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी एवं पंजीयक लोक न्यास, राजनांदगांव

प्रारूप क्र. 5
[देखें नियम 5 (1)]

[छत्तीसगढ़ लोक न्यास अधिनियम, 1951 (1951 का 30) और छ. ग. लोक न्यास नियम, 1962 का नियम 5 (1) द्वारा]

राजनांदगांव, दिनांक 6 अक्टूबर 2006

लोक न्यासों के पंजीयक, राजनांदगांव, जिला-राजनांदगांव के समक्ष

क्रमांक /1669/अनु.अधि./06.—अत: मुझे यह प्रतीत होता है कि अनुसूची में विनिर्दिष्ट संपत्ति छत्तीसगढ़ लोक न्यास अधिनियम 1951 (1951 का 30) की धारा 2 की उपधारा (4) के आशय के अधीन लोक न्यास का गठन करती है :-

अब, इसलिए मैं एम. एल. सिरदार लोक न्यासों का पंजीवक राजनांदगांव, जिला राजनांदगांव. मेरे न्यायालय में दिनांक 6 नवम्बर, 2006 के दिवस सोमवार पर कथित अधिनियम की धारा 5 की उपधारा (1) में यथा अपेक्षित, मामले में जांच करने को प्रस्तावित करता हूं.

एतद्द्वारा सूचना-पत्र दिया जाता है कि कथित न्यास या संपत्ति का कोई न्यासी या कार्यकारी न्यासी या इसमें हितबद्ध कोई व्यक्ति और आपत्ति या सुझाव देने का आशय रखने वाले को दो प्रतियों में इस सूचना पत्र के प्रकाशन की तारीख से एक माह के भीतर लिखित कथन प्रस्तुत करना चाहिए और मेरे समक्ष उपरोक्त तारीख पर या तो व्यक्तिश: अथवा प्लीडर या अभिकर्त्ता के माध्यम से उपस्थित होना चाहिए. उपरोक्त अवधि के अवसान के उपरांत प्राप्त आपत्तियों को विचार में नहीं लिया जाएगा.

अनुसूची

(लोक न्यास का नाम और पता व संपत्ति का विवरण)

(1)	लोक न्यास का नाम और पता	:	संत श्री आशा राम जी आश्रम ट्रस्ट, राजनांदगांव (छ. ग.), मोहारा, वार्ड नं. 41, राजनांदगांव.
(2)	चल संपत्ति	:	बर्तन एवं अन्य सामान, किमती 56,765.00 रुपया एवं इलाहाबाद बैंक, राजनांदगांव में बचत खाता क्र. 8769 में जमा राशि 8,22,970.00 रुपया.
(3)	अचल संपत्ति	:	मोहारा, राजनांदगांव स्थित भूमि ख. नं. 105/4 रकबा 2.75 एकड़, ख. नं. 117/3 रकबा 3.25 एकड़ एवं दानकर्त्ता राम किशुन आ. लेखन दास बैरागी, निवासी ग्राम-कसारी, तहसील-डोंगरगढ़ द्वारा दान में दी गई भूमि ख. नं. 447 रकबा 4.00 एकड़.

एम. एल. सिरदार,
पंजीयक एवं अनुविभागीय अधिकारी.

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित—2006.